**जन सम्पर्क कार्यालय,**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।**

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**
**(सं. 2014/590)**

दिनांक : 25.01.2014

## <u>हनुमानगढ–श्रीगंगानगर–हनुमानगढ स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन</u>

रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु हनुमानगढ–श्रीगंगानगर–हनुमानगढ स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा का संचालन दिनांक 29.01.14 से 31.03.14 (62 ट्रिप) तक किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 04751, हनुमानगढ–श्रीगंगानगर स्पेशल एक्सप्रेस हनुमानगढ से दिनांक 29.01.14 से 08.55 बजे रवाना होकर 09.43 बजे सादुलशहर होते हुये 10.40 बजे श्रीगंगानगर पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 04752, श्रीगंगानगर–हनुमानगढ स्पेशल एक्सप्रेस दिनांक 29.01.14 से श्रीगंगानगर से 16.30 बजे रवाना होकर 17.21 बजे सादुलशहर होते हुये 18.15 बजे हनुमानगढ पहुँचेगी।

इस रेल सेवा में 01 सैकण्ड एसी, 02 थर्ड एसी, 08 द्वितीय शयनयान श्रेणी, 06 साधारण श्रेणी एवं 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 19 डिब्बें होगें।

*<u>नोटः–कोटा–हनुमानगढ–कोटा सु.फा. एक्सप्रेस को ही हनुमानगढ–श्रीगंगानगर–हनुमानगढ स्पेशल एक्सप्रेस रेल सेवा के रूप में श्रीगंगानगर तक बढाया गया है। इससे यात्रियों को कोटा–श्रीगंगानगर–कोटा वाया जयपुर के लिये सीधी रेल सेवा प्राप्त हो जायेगी।</u>*

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**